70 प्लस वृद्वजनों के लिए 5 लाख रूपये तक के आयुष्मान कार्ड पर निःशुल्क ईलाज की सुविधा

भिलाईनगर। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ में से एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड सभी परिवार के लिए बन रहा है। जिसमें सामान्य वर्ग के परिवार के लोग 50 हजार रूपये तक का ईलाज शासन द्वारा निर्धारित बड़े अस्पतालों में निःशुल्क करवा सकते है। बीपीएल श्रेणी निवासरत परिवार 5 लाख रूपये तक का आयुष्मान कार्ड पर फ्री में ईलाज करवा सकते है। अभी केन्द्र सरकार द्वारा मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषणा के बाद सभी वर्ग के परिवार के लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्वजनो के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। नेहरू नगर वेस्ट सियान सदन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर वृद्वजनो के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किये। वहां पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है, अभी तक सैकड़ो लोगो ने आयुष्मान कार्ड बनवा लिया। कोई भी 70 वर्षिय महिला/पुरूष अपना आधार कार्ड ले जाकर बनवा सकते है। शिविर जारी है, इसी प्रकार का शिविर अन्य जोन में वार्ड पार्षदगणो से संपर्क करके लगाया जाएगा। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी 70 प्लस के महिलाः पुरूष वृद्वजनो से निवेदन किया है, कि यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वृद्वो के लिए ईलाज में हो रहे तकलीफ को देखते हुए मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा लाया गया है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 26 हजार 70 प्लस के वृद्वजन निवासरत है। अधिक से अधिक संख्या में जाकर आयुष्मान कार्ड का लाभ उठायें। भविष्य में कब किसे क्या जरूरत पड़ जाए कोई नहीं जानता। आयुष्मान कार्ड रहेगा तो आप सब बड़े-बड़े अस्पतालो में अपना ईलाज निःशुल्क करवा सकते है।